प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. एयर इंडिया ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 241 यात्रियों के मारे जाने की पुष्टि की, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी मृतकों में शामिल, हादसे की जांच शुरु।
2. राज्य के 64 अंगीभूत कॉलेजों में अब नहीं होगी इंटर की पढ़ाई, विद्यार्थियों को प्लस टू विद्यालयों में किया जायेगा शिफ्ट, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी किया पत्र।
3. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सीआईडी ने 13 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया चार्जशीट, प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने के बदले पैसे वसूलने का आरोप।
4. रांची में आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट ट्राइबल सांसद वुशु प्रशिक्षण शिविर का समापन, राज्यभर के महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।
5. रांची समेत राज्य भर में अगले चार दिन कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी का पूर्वानुमान, मानसून के लिए अभी और करना होगा इंतजार।

*****************

एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। विमान कल दिन के एक बजकर उन्चालीस मिनट पर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। इनके अलावा दो पायलट और चालक दल के दस सदस्य थे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता विजय रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं। रमेश विश्वास कुमार नाम के एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बच गये।

*****************

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। श्री नायडू ने बताया कि सरकार इस मामले की विस्तृत जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। यह समिति उडान सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के उपायों पर विचार करेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक के बाद श्री शाह ने संवाददाताओं से कहा कि इस हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने पुष्टि की कि नागर विमानन मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

*****************

राज्य के सभी 64 अंगीभूत कॉलेजों में अब इंटर की पढ़ाई नहीं होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजे पत्र में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया है। गौरतलब है कि राज्यपाल सचिवालय ने पिछले दिनों अपने आदेश में कहा था कि अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट में नामांकन लिया जाना नयी शिक्षा नीति के प्रतिकूल है। शिक्षा सचिव ने अंगीभूत कॉलेजों में सत्र 2024–26 में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों का नामांकन उनकी सुविधानुसार पांच किलोमीटर की परिधि में प्लस टू विद्यालयों में कराना सुनिश्चित करने का कहा है।

*****************

दुमका को उपराजधानी के अनुरूप सुसज्जित, साफ सुथरा और अतिक्रमण मुक्त बनाने के संयुक्त अभियान के तहत दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा और पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने अन्य प्रशासनिक

अधिकारियों के साथ शहर का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से बातचीत की और उन्हें मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने की हिदायत दी। उपायुक्त ने कहा कि दुमका को सुंदर बनाने और सुंदर रखने की दिशा में उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से इस दिशा में सहयोग की अपील की।

*****************

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सीआईडी ने अपना अनुसंधान पूरा कर लिया है। सीआईडी की ओर से 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया गया है। चार्जशीट में कहा गया है कि प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने के बदले आरोपियों ने अभ्यर्थियों से पैसों की वसूली की है। सभी आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। इनमें आईआरबी के जवान भी शामिल हैं।

*****************

रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने जाली नोट के एक बड़े कारोबार का खुलासा किया है। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 500 रुपये मूल्य के 37 जाली नोट, एक बाइक और मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस अब इस जाली नोट के नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर रांची के योग साधकों मे खासा उत्साह है। इस दिवस को यादगार बनाने के लिए योगप्रेमी पूरे मनोयोग से जुटे हुए हैं।

*****************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य भर में अगले चार दिन कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार मानसून का नार्दर्न लिमिट देश में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिसा, असम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्यों से होकर सिक्किम, बंगाल के दार्जिलिंग तक आकर ठहर गया है। यह बिहार और पश्चिम बंगाल के करीब तक आ चुका है। मौसम विभाग ने इसके 17 जून तक आगे बढ़ने की उम्मीद जतायी है।

*****************

रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय स्थित जेडी बिरला सभागार में प्रथम झारखंड स्टेट ट्राइबल सांसद वुशु प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। 5 जून से 12 जून तक आयोजित इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के विभिन्न जिलों से आये पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य और झारखंड वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के आदिवासी युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां—</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— शराब घोटाला मामले में छतीसगढ़ के कारोबारी सिंघानिया के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं— साहिबगंज गंगा नदी में बढ़ी डॉल्फिन की संख्या।

प्रभात खबर लिखता है— अवैध वसूली मामले में सीसीएल अफसर, कर्मी और कोयला लिफ्टरों के छह ठिकानों पर सीबीआई का छापा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है— जेटेट नियमावली पर टीआरआई व जेएसएससी देंगे सुझाव।

****************